पंजाब केसरी 18/03/2026

'मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों का शिक्षण' विषय पर हुआ कार्यक्रम

अम्बाला, 17 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा विषय सोसायटी के अंतर्गत 'मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों का शिक्षण' विषय पर एक रोचक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कहानी सुनाने तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण नैतिक मूल्यों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक प्रेरणादायक कहानियां प्रस्तुत कीं, जिनमें हर घटना के पीछे कोई न कोई कारण होता है। लगन और निरंतरता जैसे जीवन मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस गतिविधि में मनजोत कौर, साक्षी और रश्मीत कौर की प्रभावशाली कहानी कहने की शैली, आत्मविश्वासपूर्ण अभिव्यक्ति तथा सार्थक संदेशों ने कार्यक्रम को अत्यंत रोचक एवं प्रेरणादायक बना दिया।

जी.एम.एन. कॉलेज में 'मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों का शिक्षण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

(चंद्रमोहन)

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, नैतिकता और आत्मविश्वास का विकास होता है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक एवं मूल्यपरक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मार्गदर्शन डॉ. सुरजीत सागवाल, नीलम और उपिंदर कौर जैसे समर्पित संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचार निर्भीकता एवं आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया तथा दैनिक जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।